# राजनीतिक बाधाओं के चलते पहाड़ पर नहीं करा पा रहे पंचायत चुनाव : सुब्रत

## मंत्री ने मटियाली बाताबाड़ी एक नंबर ग्राम पंचायत में पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण

संवाद सूत्र, नागराकाटा: दार्जिलिंग व कालिम्पोंग जिले में बीते कई सालों से पंचायत चुनाव नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार दो जिलों में पंचायत चुनाव कराना चाहती है, लेकिन हर बार कोई न कोई राजनीतिक कारण बाधा बन जा रहा है। फलस्वरूप चाहकर भी चुनाव नहीं करा पा रहे हैं। रविवार को मेटली ब्लॉक के मटियाली बाताबाड़ी 1 नंबर ग्राम पंचायत के देवपानी इलाके में पहुंचे पंचायत मंत्री सुब्रत मुखर्जी ने पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। सोमवार मंत्री दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कालिम्पोंग, अलीपुरद्वार व कूचबिहार जिले के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर प्रशासनिक बैठक करने वाले हैं।

आज निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं का पैसा सटीक तरीके से नहीं दे रही है। मनरेगा का पैसा भी सटीक समय से नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद राज्य सरकार लगातार काम करते जा रही है। वर्तमान समय में मनरेगा काम में राज्य एक नंबर पर है। जिला परिषद, पंचावत समिति व पंचायत सदस्यों को वेतन नहीं मिलने की बात गलत है। कुछ देरी हो रही है लेकिन सभी को वेतन नहीं मिल रहा है।



निरीक्षण करते पंचायत मंत्री सुब्रत मुखर्जी व अन्य • जागरण

उन्होंने कहा कि चालसा के पहाड़ी इलाके देवपानी में खुखे झरने का पानी सौर्य उर्जा की मदद से पाइप लाइन द्वारा लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। वर्ष 2017-18 आर्थित वर्ष में ग्राम पंचायत के मनरेगा काम के तहत करीब 15 लाख व केंद्रीय फाइनेंस कमीशन के 13 लाख 38 हजार 671 हजार रुपये की लागत से पेयजल परियोजना का काम किया गया। इससे पहले उक्त इलाके में पानी की काफी समस्या थी।

अब करीब 200 परिवारों को शुद्ध पानी मिल रहा हे। इस दिन मंत्री ने विभिन्न कार्यों को लेकर जिला, ब्लॉक व ग्राम पंचायत से जानकारियां ली। आज मंत्री के निरीक्षण के दौरान जलपाईगुड़ी के डीएम अभिषेक तिवारी, जलपाईगुड़ी जिला परिषद के सभाधिपति उत्तर बर्मन समेत जिला व ब्लॉक के विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

### दौरा

- सोमवार को कई जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक
- केंद्र सरकार पर सरकारी सुविधाओं से वंचित करने का लगाया आरोप